सम्मान

# हिंदी का बाल साहित्य अकादमी पुरस्कार क्षमा शर्मा को मिला

एजेंसियां, नयी दिल्ली



लेखिका क्षमा शर्मा

**साहित्य** अकादमी ने बुधवार को बाल साहित्य पुरस्कार और युवा साहित्य पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की. हिंदी में क्षमा शर्मा को 'क्षमा शर्मा की चुनिंदा बाल कहानियां' के लिए बाल साहित्य पुरस्कार और भगवंत अनमोल को उनके उपन्यास 'प्रमेय' के लिए युवा साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. अकादमी ने हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी समेत कुल 22 भाषाओं के लेखकों-लेखिकाओं को बाल साहित्य पुरस्कार 2022 दिये जाने की घोषणा की है. 23 भाषाओं के लेखक-लेखिकाओं को युवा साहित्य पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे.

## बाल साहित्य अकादमी पुरस्कार

| लेखक/लेखिका | भाषा | रचना |
|---|---|---|
| क्षमा शर्मा | हिंदी | क्षमा शर्मा की चुनिंदा बाल कहानियां |
| जफर कलामी | उर्दू | हौसलों की उड़ान |
| अर्शिया सत्तार | अंग्रेजी | महाभारत फॉर चिल्ड्रेन |
| कुलदीप शर्मा | संस्कृत | सचित्रम् प्रहेलिकाशतकम् |
| विश्वामित्र दाधीच | राजस्थानी | माछलयां रा आंसू |
| जय मित्र | बांग्ला | चार पांच जोन बंधु |
| नरेंद्र प्रसाद दास | उड़िया | कोलाहल ना हलाहल |
| वीरेंद्र झा | मैथिली | उड़न-छू |
| दिगंत ओजा | असमिया | दनगोर मनुहोर साधु |

## साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार

| लेखक/लेखिका | भाषा | रचना |
|---|---|---|
| भगवंत अनमोल | हिंदी | प्रमेय |
| मकसूद आफाक | उर्दू | गिरयाह |
| मिहिर वत्स | अंग्रेजी | टेल्स ऑफ हजारीबाग |
| सुमन पतारी | बांग्ला | लिखे किछु होय ना |
| संधू गगन | पंजाबी | पंजतीले |
| श्रुति कानितकर | संस्कृत | श्रीमतीचरित्रम् |
| नवकृष्ण ऐहिक | मैथिली | खुरचनभाइक कछमच्छी |
| साल्गे हांसदा | संताली | जनम दिसोम उजारोग काना |

प्रभात खबर
Thu, 25 August 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/